हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

मध्यप्रदेश वॉलीबॉल संघ का चुनाव हुआ संपन्न



भु आ बि छि या । म ध्य प्र दे श वॉलीबॉल संघ की साधारण एवं चुनावी सभा भोपाल के केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान में संपन्न हुई। नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट के तहत चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिलीप मालवीय ने सत्र 2026-2030 के लिए नई प्रबंध कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन कराया। इसमें कार्तिकेय चौहान को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही वीरेंद्र कुमार अग्निहोत्री को प्रदेश स्तर पर वॉलीबॉल खेल की नीतियों को तय करने और संगठन को मजबूती देने के लिए राज्य कार्यकारिणी सदस्य जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संघ की नवनिर्वाचित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी इस प्रकार हैः वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अनवर खान, उपाध्यक्ष पद पर विधायक आशीष शर्मा एवं राम पांडे, महासचिव पद पर सतीश जोशी तथा कोषाध्यक्ष पद पर विशाल शर्मा निर्वाचित हुए हैं। संयुक्त सचिव के रूप में डी.आर. सिंह व राजेश शुक्ला को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारिणी सदस्यों में वीरेंद्र कुमार अग्निहोत्री के साथ आशीष सिंह, भूपेन्द्र कांत, मेरिट खिलाड़ी सुश्री श्वेता शर्मा और कृष्णानंद (रीवा) शामिल हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कार्तिकेय चौहान ने घोषणा की कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और जिला संघों को आर्थिक सहायता देने के लिए जल्द ही 'मध्यप्रदेश वॉलीबॉल खेल नीति 2026' और विकास का रोडमैप जारी किया जाएगा। इस बैठक में प्रदेश के 33 जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। श्री अग्निहोत्री को प्रदेश स्तर पर यह बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

वन्य प्राणियों का नैसर्गिक जीवन निहारने कान्हा जरूर आएं-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एशिया का सबसे बड़ा पार्क है कान्हा

*** 6 मादा और 8 नर जंगली भैंसों को कान्हा में मुख्यमंत्री के हाथों छोड़ा गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कान्हा नेशनल पार्क हमारे देश का नहीं, पूरे एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा नेशनल पार्क है। सघन वनों से आच्छादित कान्हा नेशनल पार्क मुख्यत बाघ, चीता, लकड़बग्घा, हाथी एवं अन्य कई वन्यजीवों से समृद्ध है। उन्होंने सभी वन्य जीव प्रेमियों, पर्यटकों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वन्य प्राणियों के साहचर्यपूर्ण नैसर्गिक जीवन को क़रीब से निहारने के लिए कम से कम एक बार कान्हा नेशनल पार्क जरूर आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर हमारे समृद्ध वनों में सभी प्रकार के जीव जंतुओं के लिए अपने प्राकृतिक आवास में स्वछन्द विचरण करने की स्वतंत्रता है। प्रदेश में बारहसिंगा को भी पुनर्जीवन मिला है। यह वन्य जीव धरती पर धीरे-धीरे विलुप्त होता जा रहा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में हमारा चीता पुनर्बसाहट प्रोजेक्ट बड़ी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंडला जिले के किसली (कान्हा) में स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत बिस्वा सरमा और उनकी सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश में जंगली भैंसों (वाइल्ड बफेलो) के पुनर्वास की प्रक्रिया प्रारंभ की है। बीते रविवार को ही हमने 6 मादा और 8 नर जंगली भैंसों (वाइल्ड बफेलो) को यहां उनके प्राकृतिक परिवेश में छोड़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के वनों में टाइगर, चीता, लेपर्ड, मगर, घड़ियाल और गिद्धों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हमारे वन्य जीव मध्यप्रदेश का गौरव पर्यटन क्षेत्र में बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार वन, वन्यजीव और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन प्रयासों से प्रदेश की जैव विविधता को सुरक्षित रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बाघ, तेंदुआ, घड़ियाल और मगरमच्छ जैसे वन्यजीवों के संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे प्रयास हमारी प्राकृतिक धरोहर को और समृद्ध बना रहे हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अत्यंत समृद्ध वन्यजीव विरासत के संवर्धन और संरक्षण में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई दी।

पदोन्नत पुलिस अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने लगाए बैच

सोमवार को मंडला आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के दो पुलिस अधिकारियों को पदोन्नत होने पर बैच लगाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डीएसपी पद पर पदस्थ श्री सतीश चतुर्वेदी और श्री पी.एस. वालरे को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर बैच लगाए। इस अवसर पर कमिश्नर जबलपुर धनंजय सिंह, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

5 माह की क्रिषा दुबे ने विश्व रिकॉर्ड में दर्ज कराया नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले के बम्हनी बंजर के शीतला वार्ड निवासी नन्ही बालिका क्रिषा दुबे ने महज 5 माह 20 दिन की उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल कर मंडला का नाम रोशन किया है। क्रिषा ने 32 विभिन्न फ्लैश काड्र्स की पहचान कर 'यंगेस्ट फ्लैश कार्ड रिकॉग्निशन प्रॉडिजी' का खिताब अपने नाम किया और विश्व रिकॉर्ड में जगह बनाई।

क्रिषा, कृष्ण कुमार दुबे एवं आशिमा दुबे की पुत्री तथा पंडित ओमप्रकाश दुबे एवं बसंत दुबे की पौत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

32 काड्र्स की पहचान कर दिखाई प्रतिभा

क्रिषा ने पांच अलग-अलग रंगों, पांच प्रकार के फलों, तीन जानवरों, 16 ब्लैक एंड व्हाइट काड्र्स तथा तीन पक्षियों सहित कुल 32 फ्लैश काड्र्स की पहचान कर अपनी स्मरण क्षमता का प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए 'इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' और 'भारत रिकॉर्ड बुक' की ओर से प्रमाण पत्र, ट्रॉफी एवं गोल्ड मेडल प्रदान किए जाने की जानकारी परिवार ने दी है।

चार माह की उम्र में भी जीता था खिताब

इससे पहले क्रिषा ने लगभग चार माह की उम्र में 'चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब' द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन वेशभूषा प्रतियोगिता में विजेता स्थान प्राप्त किया था। उस समय भी उनकी प्रस्तुति और आकर्षक वेशभूषा ने निर्णायकों को प्रभावित किया था।

माता-पिता के अनुसार, क्रिषा शुरुआती दिनों से ही आसपास की चीजों के प्रति सजग रही हैं। खेल-खेल में कराए गए अभ्यास के माध्यम से उन्होंने फ्लैश काड्र्स की पहचान करना सीखा। नन्ही क्रिषा की उपलब्धि पर अजय दुबे, संजय दुबे, सुनील दुबे, सुधीर दुबे सहित समस्त दुबे परिवार, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



भारत ज्योति ने बैल वेदर और ज्ञानदीप ने नेहरू शाला को दी मात

*** अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में आज खेले जायेगे 3 मैच।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला के संयुक्त तत्वाधान में अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन सोमवार को प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेले गए। पहला मैच भारत ज्योति विद्यालय और बैल वेदर स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में भारत ज्योति ने बैल वेदर को दो शून्य से मात दी। भारत ज्योति की तरफ से दोनों ही गोल साहिल ने किया। दूसरा मैच ज्ञानदीप स्कूल और नेहरू शाला महाराजपुर के बीच खेला गया। इस मैच में ज्ञानदीप ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नेहरू शाला महाराजपुर को 7/0 से करारी शिकस्त दी। ज्ञानदीप की ओर से शौरभ,भावेश, यावेश, नीरज, ओम, शिवम और पार्थ ने एक-एक गोल किए। 13 अक्टूबर मंगलवार को प्रतियोगिता के अंतर्गत तीन मैच खेले जाएंगे। पहला मैच केंद्रीय विद्यालय संगठन व एक्सीलेंस स्कूल के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच अमल ज्योति स्कूल और बैल वेदर के मध्य होगा। जबकि मंगलवार का आखिरी मुकाबला ब्रेन चाइल्ड अकादमी और ज्ञानदीप के मध्य खेला जाएगा। जिला फुटबाल संघ के सचिव पंकज उसराठे ने सभी फुटबॉल प्रेमियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।

इस दौरान जिला हॉकी संघ के सचिव सैयद कमर अली, वरिष्ठ खिलाडी पुरषोत्तम उसराठे, जिला फुटबाल संघ के संरक्षक डॉ. दिलीप शर्मा, अनिल सोनी, अनूप बासल, चंद्रेश खरे, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, सचिव पंकज उसराठे, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, मतीन खान, समीर बाजपाई, सैयद सिकंदर अली, अभिषेक यादव, प्रथम चौकसे, रमन चौरसिया, ऋषि राय, योगेश चौरसिया, मिनी सिंह, अविनाश पापलर जैन, सुरजीत नायर कुट्टन, देवेंद्र सरोते, गंगा कुंजाम, प्रथम चौकसे, अतुल चीचाम, संतोष धुर्वे, लक्षय मरावी उपस्थित थे।

विनोद रंग मंच में बाल कलाकारों ने रामलीला का मंचन नये कलेवर साथ किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



नगर के विनोद रंग मंच पर मंचीय राम लीला आज से नहीं की दशको से चल रही है और आज भी नये गेटअप के साथ चालू है शारदीय नवरात्रि के समय रामलीला का मंचन पूरे देश में किया जाता है,यानि आजकल देश के कोने-कोने में रामलीला की धूम मची हुई है। शारदेय नवरात्रि के समय रामलीला मंचन की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

रामलीला का मंचन लोक-नाटक का एक रूप है।इस परंपरा की शुरुआत लगभग ग्यारहवीं शताब्दी में उत्तर भारत से हुई थी। रामलीला करने का प्रमुख कारण भगवान श्री राम के आदर्शों का प्रसार, संस्कृति और संस्कारों का संचार करना है। रामलीला के आयोजन से जाति वर्ग और उम्रके भेदभाव से ऊपर उठकर पूरा समुदाय एक साथ मिलकर उत्सव मनाते हुए सामाजिक एकता को बढ़ाता है।

रामलीला का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व यह है कि रामलीला देखने और इसके संवादों से जुड़ने से मनुष्य को मन की शांति के साथ आध्यात्मिक शांति मिलती है।

इस वर्ष विनोद रंग मंच में बाल कलाकारों ने नये कलेवर के साथ रामलीला का मंचन कर सभी का मन मोहा है। विगत रात्रि नवदुर्गा स्थापना दिवस पर राम लीला दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारी समिति के अध्यक्ष प्रतीक श्रीवास्तव सभी साथियों ओर नगर के प्रतिष्ठित प्रबुद्ध वर्गों की उपस्थि रामलीला का उद्घाटन किया गया जहां नारद मोह, से लेकर राम जन्म की आकर्षक लीला झलक दिखाई गई जिसकी दर्शकों ने सराहना की वही कल सार्वजनिक दुर्गोत्सव एवं रामलीला समिति विनोद रंग मंच के तत्वाधान में आयोजित रामलीला के द्वितीय दिवस की लीला की विशेष आकर्षण, तड़का वध, मारीच सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, जनकपुर प्रवेश,पुष्पवाटिका भ्रमण, मीना बाजार, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद और रामलीला समिति विनोद रंग मंच में दिखाई जाएगी, इस वर्ष राम लीला देखने का उत्साह पूर्व अनेकों वर्ष पहले जैसा देखने को मिल रहा है, दर्शकों का अपार उत्साह ने समिति के पदाधिकारियों ओर कलाकारों उत्साह को बनाए रखा है।

विरोध प्रदर्शन | **भाजपा महिला मोर्चा ने पुतला दहन कर लगाए मुर्दाबाद के नारे।**

कांग्रेस सांसद के विरोध में सड़क पर उतरी महिलायें





*** नेहरू स्मारक में किया पुतला दहन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजाम के विरोध में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा सड़क पर उतर आई। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के निर्देशन में महिला मोर्चा और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेहरू स्मारक में सांसद का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भावना साहू ने कहा कि बिमोल अकोइजाम राजनीति में आने से पहले नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जेएनयू में उन पर कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे, जिसकी जांच के बाद विश्वविद्यालय द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इसी मामले को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके इस्तीफे अथवा कांग्रेस से निष्कासन की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में राजनीतिक दलों को गंभीरता दिखानी चाहिए और आरोपों की निष्पक्ष जांच के साथ उचित कार्रवाई होनी चाहिए। महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री शशि पटेल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा समय-समय पर महिलाओं के सम्मान को लेकर विवादित बयान सामने आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का अपमान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया। इस दौरान महिला मोर्चा से प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा शशि पटेल, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भावना साहू, बबीता अधिकारी, तरला कुशवाहा, सुनीता सैयाम, उमा यादव, पूजा तिवारी, ललिता लाहोरी, शीतल वैष्णव, दीप्ति नरोलिया, मनीषा तिवारी, अनीता चौधरी, विनीता दुबे, सरिता महान, संध्या यादव,संध्या कांड्रा, जयश्रीकांस्कार, कृतिका चौरसिया , प्रतिभा साहू उपस्थित रहीं। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी विरोध दर्ज किया प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला कार्यालय मंत्री थामन बरमैया, पूर्व जिलाध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, नगर अध्यक्ष शिव रानू राजपूत, ग्रामीण अध्यक्ष सूर्यकांत जंघेला, विनय मिश्रा, सुधीर मिश्रा, सौरभ गुप्ता,नरेश सिंधिया, बसंत चौधरी,दिनेश चौधरी, यशवंत तिवारी, संदीप सिंगोर, उत्कर्ष यादव, मंगलेश चक्रवर्ती, रिषभ सिन्हा, हबीब गौरी, विवेक चंद्रोल, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

काफिला रुकवाकर स्कूल पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव, बच्चों से किया आत्मीय संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मंडला जिले के टाटरी में स्कूली बच्चों के बीच पहुंचकर आत्मीयता और सहज संवाद की मिसाल पेश की। टाटरी हेलीपेड जाते समय मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक निजी पब्लिक स्कूल में अपना काफिला रुकवाया और वहां प्रार्थना सभा में शामिल विद्यार्थियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अचानक अपने बीच पाकर बच्चे और उनके टीचर्स बेहद उत्साहित नजर आए। स्कूल में उस समय बच्चों की रुटीन असेम्बली चल रही थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को परमपिता परमेश्वर से सबके कल्याण की प्रार्थना करते देखा, तो वे उनके बीच पहुंच गए। उन्होंने बच्चों से प्यार से बातचीत की, उनके नाम पूछे और यह भी जाना कि वे किस कक्षा में पढ़ते हैं तथा उनकी पढ़ाई कैसी चल रही है?

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बच्चों को दुलारते हुए खूब मन लगाकर पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के साथ उनका संवाद नितान्त सहज, आत्मीय और अपनत्व से भरा रहा। मुख्यमंत्री की इस अप्रत्याशित मुलाकात से विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे और विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा अपना काफिला रोककर विद्यार्थियों के बीच पहुंचने की इस पहल ने बच्चों के लिए स्कूल की एक सामान्य सुबह को यादगार सुबह बना दिया।

खबर संक्षेप

वृद्धावस्था पेंशन योजना से कई पात्र वंचित, मात्र कागजों के आंकडों पर सफल होते हुये दिखाई पड़ रही सच्चाई

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। शासन द्वारा अनेक योजनायें चलाकर वृद्धों एवं गरीबों का भला करने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं व पुरूषों की हालत दिन पर दिन दयनीय व पीड़ादायक होती जा रही है। बताया जाता है कि इस हेतु शासन ने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी मगर देखा जा रहा है कि शासन की इस योजना को पंचायत में बैठे कर्णधारों द्वारा शासन के नियमों को अनदेखा कर पात्रजनों को इसका लाभ ना देकर अपात्रों को दिया जा रहा है और इसी प्रकार शासन की कई अन्य योजनायें भाई-भतीजावाद की शिकार हो रही हैं जिसके कारण आज भी इन वृद्धों को शासन की अनेक योजनायें चलने के बाद भी भूखों रहने की नौबत आ रही है? शासन द्वारा वृद्धों के लिये वृद्धावस्था सुरक्षा पेंशन का फार्म निकालकर यह नियम लागू किया गया था। मगर इस योजना का लाभ अनेक निःसहाय वृद्धों को नहीं मिल पा रहा है। आम जन का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा इन वृद्धों के आवेदनों को बिना देखे ही निरस्त कर दिया जाता हैं। तो दूसरी ओर विधवा महिलाओं की भी स्थिति अत्यंत दयनीय रहती है, देखने में आ रहा है कि उन्हें भी शासन की योजनाओं से कोई फायदा नहीं मिल पाता है। क्षेत्र में अनेक विधवा महिलायें हैं जो परेशानियों के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रही हैं जिनका भला करने के उद्देश्य से शासन ने इस प्रकार की योजनायें शुरू की थी मगर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा चलाई जा रही है। इस प्रकार की अनेक योजनाओं के बारे में पंचायत स्तर पर बैठे कुछ अधिकारी भाई-भतीजावाद की भेंट चढ़ाकर उन्हें पूरा कर देते हैं और पात्र हितग्रहियों को उनसे वंचित कर दिया जाता है, वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि नगर परिषदों से लेकर ग्राम पंचायतों द्वारा इन योजनाओं की राशि अनेकों माह तक बैंकों में ही पड़ी रहती है और हितग्री इस राशि को पाने के लिये भटकते रहते हैं। जिसमें प्रमुख रूप से वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर अनेक वृद्ध पंचायतों के अनेक चक्कर काटने के बाद ही उन्हें यह राशि मिल पाती है, यह हाल जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखा जा सकता है।

ट्रेनो में सीट सुरक्षित या फिर जल्दबाजी के चक्कर में रेल पटरी पार करना बन सकता जिन्दगी को खतरा

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ माँगने के हकदार है, किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों त्यौहारों की धूमधाम कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेट फार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीड भाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए या फिर जल्द बाजी में दूसरे प्लेट फार्म पर पहुंचने के लिये अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न करते हुये मासूम बच्चों को लेकर पटरी पार करने से नही चूकते है, इसमें महिलाएं भी पीछे नही रहती है, इतना ही नही हालत यह है कि कभी कभी तो रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़ने की कोशिश की जाती है। अक्सर देखा जाता है कि अनेक रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है, जब प्लेटफार्म कूद ट्रैक पार करना अपने आम में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटाते हुये प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

रोशनी से जगमगाते शहर में माताराणी के मंदिरों में रात के समय बज रही झांझर घंटी

सुबह से लग रही देवी मंदिरों में जल ढ़ारने वाले श्रद्वालुओं की भीड़, अम्बे जी की भक्ति में लीन नजर आ रहे लोग ..







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शारदेय नवरात्र पर्व के चलते जहां इन दिनों शहर के हिन्दू धर्मावलंबी आदि शक्ति माँ की भक्ति में लीन दिखाई दे रहे है। इस समय पड़ रही तेज तपन के बाद भी लोगों के दिलों में माताराणी की आराधना का उत्साह कम नही हो रहा है। यह बात अलग है कि क्षेत्र के अन्नदाता इन दिनों अपने खेतों में सोयाबीन फसल की कटाई में जुटे हुये है। क्योंकि जिस प्रकार से मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों में बारिश की संभावना जताई गई है उसके चलते उनके चेहरों पर चिंता की लकरे साफ दिखाई देने के बाद भी वह माताराणी की आराधना में कोई कसर नही छोड़ रहे है। वही वह माताराणी से यही आर्शीवाद मांगते हुये देखे जा रहे है कि है माँ हमारी रक्षा करना। इसी के चलते इन दिनों देखा जा रहा है कि देवी माँ के आराधना पर्व के दाँरान शिर से लेकर गांवों की सारी हलचलों पर विराम सा लगा हुआ नजर आ रहा है। क्योंकि संपूर्ण क्षेत्र में देवी भक्ति की धूम मची हुई है। वही सुबह के वक्त देवी मंदिरों में माताराणी को जल ढारने वाले महिला पुरूष सहित युवाओं का देवी मंदिरों पर तांता लगा हुआ दिखाई देता है। वही दूसरी ओर रात के वक्त रोशनी से जगमगाते हुये देवी मंदिर निश्चित ही भक्तों का मन मोहने में कोई कसर नही छोड रहे है। यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो बीते हुये कुछ वर्षो में कोरोना सहित अनेक प्रकार की बीमारियों के चलते लोगों के दिलों में माताराणी की आराधना का जो उत्सह था वह प्रशासन द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों के चलते ठंडा पड़ गया था। मगर अब माताराणी के भक्त अपनी आराध्य की सेवा में कोई कसर नही छोड़ना चाह रहे है। इसी के चलते लोगों में जहां काफी उत्साह देखने मिल रहा है और अनेक जगहों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना हो चुकी है तो कुछ स्थानों पर तैयारियों चलत रही है तथा रात में शहर में भव्य देवी मंदिरों में विराजी माताराणी की आकर्षक प्रतिमाओं के दर्शन करने की शुरूआत हो चुकी है। मगर नवरात्र के दूसरे दिन रविवार को देर रात तक स्थापनाओं को दौर चलते हुये देखा गया। इसके बाद तीसरे दिवस अचानक देवी दर्शनों के लिये भीड़ निकलने की शुरूआत होने से नही चूक पा रही है। जिस तरह शुरूआत दौर से भीड़ दिखाई दे रही है उससे अनुमान है कि आने वाले दिनों में हुजूम उमड़ने से नही चूकेगा। नगर की दुर्गोत्सव समितियों द्वारा तैयार की माताराणी की मनोहर झांकियाँ सजा श्रद्वालुओं को जहां एक तरफ मोहित कर सुबह शाम माताराणी की पूजन, आरती की जा रही है। वही दूसरी ओर शारदेय नवरात्र पर्व की द्वज तक माँ दुर्गा जी की प्रतिमाओं की स्थापना के तहत मूर्तिकारों के ठिकानों से माँ जगदम्बा की प्रतिमाएं धूमधाम से ले जाने के चल रहे सिलसिले के कारण माताराणी के जयघोष से शहर व क्षेत्र का कोना कोना गूँज रहा है। वही बीते हुये सोमवार को लोगों ने अपने घरों एवं दुर्गा पंडालों में विराजमान माँ दुर्गाजी का पूजन कर उन्हें विविध व्यंजनों का भोग लगाया। वही दूसरी ओर समीपस्थ कौड़िया मार्ग पर विराजमान देवी मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी लगातार कन्या भोज का आयोजन चलते हुये देखा जा रहा है। जहां पर देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन करते हुये उन्हें भोजन कराते हुये भक्तों द्वारा आर्शीवाद ग्रहण किया जा रहा है। इस प्रकार से चल रहे नवरात्र को लेकर नगर के बुद्विमान पंडितों का कहना है कि शारदेय नवरात्र पर्व के शेष दिन भक्तों के पराक्रम, शक्ति वृद्वि करने वाले है । क्योंकि इन शुभ दिनों में अत्यंत पुण्यदायी शुभ संयोग पड़ रहे है। माताराणी के भक्तों में नई ऊर्जा का संचार होगा और वे माँ दुर्गा जी का आशीष पाने व्याकुल होगे। क्योंकि शारदेय नवरात्र पर्व के दौरान पड़ रहे इन संयोगों में माँ भगवती की श्रद्वाभाव से की गई आराधना व कन्याओं का पूजन करते हुए उन्हे भोजन कराने से पुण्य लाभ मिलता है। वही बाजार से मनचाही वस्तुओं की खरीदी करने तथा कुल देवताओं की पूजन करने और माताराणी का तन्मय होकर गुणगान करने से श्रद्वालुओं को सुख, शांति, लक्ष्मी तथ यश की प्राप्ति होगी, इस प्रकार से देखा जा रहा है कि इस समय चल रहे नवरात्र के दौरान चारो ओर धर्ममय वातावरण देखने मिल रहा है।

नवरात्र के दौरान शांति व्यवस्था बनाने के लिये पुलिस ने किया शहर में पैदल प्लेग मार्च





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

चल रहे नवरात्र पर्व तथा आने वाली दीवाली महा पर्व को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीना के मार्ग दर्शन में पुलिस द्वारा संदिग्धों पर पैनी नजर बनाये हुये है तो दूसरी ओर नवरात्र पर्व के दौरान संपूर्ण व्यवस्थाओं का संचालन करने के लिये बीते हुये दिवस नगर के पुलिस थाने में टीआई अशोक सिंह चौहान द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित करते हुये जरूरी दिशा निर्देश जारी किये गये चुके है। इस तरह नगर में देवी दर्शनों के लिये उमड़ने वाली भीड़ के बीच संदिग्धों पर पैनी नजर रखने के लिये जहां पुलिस द्वारा अपनी ओर से पूरी तैयारिया कर ली गई है। वही कानून व्यवस्था बनाने के लिये बीते हुये सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी प्रगति वर्मा सहित उप पुलिस अधीक्षक ललित डागूर की मौजूदगी में शहर के मार्गो पर टीआई अशोक सिंह चौहान द्वारा पैदल भ्रमण करते हुये पुलिस की ताकत का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुलिस थाना प्रागंण से शुरू हुआ यह पैदल प्लेग मार्च नगर के पलोटन गंज होते हुये पानी टंकी, चावडी मार्ग से झंडाचौक, श्याम टाकीज, सराफा बाजार से छीपा तिरहा से निकलते हुये वापिस पुलिस थाने पहुंचने के उपरांत समाप्त हुआ। इस प्लेग मार्च में नगर सहित समीपस्थ सिहोरा, सालीचौका पुलिस चौकियो के आलवा जिला मुख्यालय से आया हुआ भारी पुलिस बल मौजूद था।

अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज का नगर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शोभायात्रा के साथ हुआ समापन









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समाजवाद के प्रणेता , पौराणिक कर्मयोगी, लोक नायक युग पुरुष, तपस्वी रामराज के समर्थक महाराजा श्री 1008 अग्रसेन जी महाराज के जन्म उत्सव आश्विन मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि एकम को अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजधिराज अग्रसेन जी की 5150 वीं जयंती अग्रवाल समाज गाडरवारा में धूमधाम से मनाई गई। तीन दिनों तक चले इस आयोजन के दौरान 9 अक्टूबर को बच्चों एवं महिलाओं के लिए मनोरंजक एवं आकर्षक गेमों के साथ साथ फूलों की ज्वेलरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। वही आयोजन के दूसरे दिवस यानि की 10 अक्टूबर स्थानीय सुखदेव भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय गोयल डायरेक्टर - बी एल ए पावर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दीप प्रज्वलित करने के साथ महाराज अग्रसेन जी की पूजन करते हुये किया गया। इस मौके पर संजय कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि सत्य, अहिंसा और एकता के मार्ग पर चलकर समाज के हर जरूरतमंद की सहायता करना ही महाराजा अग्रसेन का सच्चा संदेश है। इस मौके पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने कहा कि हमारी अग्रवाल समाज की पहचान हमेशा से व्यापार, दानशीलता और परस्पर सहयोग के बल पर ही एक अलग पहचान बनाई गई है। सदा ही अग्रवाल समाज को दीन हीनों की मदद व समाज सेवा के रूप में पहचानी जाती है। वही हमारी असली ताकत हमारी एकजुटता में है। किसी भी समाज व संगठन में एकता की जरूरत होती है। जब तक एकता नही होती है तो हम असफल हो जाता है। एकता के चलते मजबूती मिलती है और उस मजबूती के भरोसे किसी भी परेशानी का आसानी से सामना किया जा सकता है। इस मौके पर प्रारंभिक स्वागत संचालन शरद अग्रवाल उपाध्यक्ष अग्रवाल समाज द्वारा किया गया। वही आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन महिला मंडल की सह सचिव श्रीमती प्रीति अग्रवाल एवं सचिव श्रीमती साधना अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों सहित महिलाओं द्वारा फैंसी ड्रेस तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वही आयोजन के तीसरे दिवस यानि की 11 अक्टूबर को प्रातः 9:00 बजे श्री देव लक्ष्मी नारायण मंदिर चावड़ी में श्री महाराजा अग्रसेन जी का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया। इसके उपरांत यहां पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचारसंगोष्ठी के आयोजन में अग्रवाल समाज की सभी वरिष्ट जनों ने अपने विचार व्यक्त किए एवं महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में सभी को अग्रसेन जयंती जी द्वारा दिये गये मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस तरह भगवान अग्रसेन जी के पूजन के पश्चात नगर में वाहन रैली के रूप में श्री अग्रसेन भवन शनि मंदिर के पास, पहुंचकर वहां पर ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत शाम 4:00 बजे चावड़ी चौक से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बैंड बाजे, घोड़े, बग्घी पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा विराजमान कर बड़ी संख्या में महिलाओ एवं पुरुषो एवं बच्चों ने उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। इस तरह महाराजा अग्रसेन महाराज की शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का सामाजिक बंधुओं द्वारा स्वागत किया गया। वही इस शोभायात्रा का समापन नगर श्री देव बांके बिहारी मंदिर में हुआ। इस आयोजन के उपरांत आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल हुए विजेताओं सहित समाज का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किये गये। अग्रवाल समाज में कक्षा 10 वी तथा कक्षा 12 वी में 75% से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान बच्चों एवं खेल, कला, साहित्य अथवा किसी भी अन्य क्षेत्र में विशेष सफलता या उपलब्धि हासिल करने वालो को भी सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर समाज द्वारा प्रतिवर्ष के स्थाई पुरस्कार स्व. सत्यनारायण अग्रवाल स्मृति प्रोत्साहन पुरस्कार कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75% या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले समाज के सभी मेधावी छात्र-छात्राएं को उनके परिवारजनों के सौजन्य से सभी पात्र विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। स्व. खजांची राधारमण अग्रवाल एवं स्व. ओंकार प्रसाद अग्रवाल स्मृति श्रेष्ठता पुरस्कार की पात्रता कक्षा 10वीं एवं 12वीं में समाज स्तर पर सर्वोच्च अंक (सर्वोच्च प्रतिशत) प्राप्त करने वाले प्रथम छात्र/छात्रा को को पुरस्कार स्वरूप कक्षा 10वीं 1,100 नकद राशि एवं स्मृति चिन्ह तथा कक्षा 12वी 2,100 नकद राशि एवं स्मृति चिन्ह दिया गया। इस पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन युवा परिषद के उपाध्यक्ष कार्तिक अग्रवाल एवं सह सचिव नचिकेत अग्रवाल द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम के अंत में अग्रवाल समाज के सचिव मोहन अग्रवाल द्वारा सभी लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष मयंक बंसल, कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता, सहसचिव गौरव अग्रवाल और कपिल अग्रवाल तथा व्यवस्था प्रमुख नवल किशोर अग्रवाल एवं महिला मंडल कि कोषाध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनुराधा खजांची एवं कल्पना अग्रवाल तथा सह सचिव संपदा अग्रवाल, रचना अग्रवाल, युवा परिषद के अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल सहित सचिव शुभांशु अग्रवाल, सहसचिव अवध बंसल मौजूद रहे।

चौरागढ़ के चौगान किले पर पहली बार विराजीं मां शेरावाली, भक्तों ने अपने कंधों के माध्यम से पहुंचाई प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक आस्था की प्रतीक राजा प्रेमनारायण शाह की पावन नगरी चौरागढ़ के चौगान किले एवं श्री श्री 1008 श्री विशंभर दास त्यागी महाराज की तपोभूमि पर शारदीय नवरात्रि 2026 में पहली बार मां शेरावाली की प्रतिमा विराजमान कर आराधना का शुभारंभ किया गया। बताया जाता है कि सतपुड़ा की विशाल पर्वत श्रृंखला पर स्थित चौगान किले में माता रानी की प्रतिमा स्थापना का यह आयोजन श्रद्धा, शक्ति, साहस और सामूहिक जनसहयोग की अद्भुत मिसाल बनने से नही चूकेगा। यहां के लोग मां के प्रति अटूट आस्था रखने वाले नवयुवकों एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। माता रानी की प्रतिमा को लगभग 2 से 3 किलोमीटर की ऊंचाई वाली



पर्वतीय श्रृंखला पर पहुंचाने के लिए श्रद्धालुओं ने दुर्गम पहाड़ी मार्ग पर अपने कंधों पर मचान बनाकर प्रतिमा को



पहुंचाया। कठिन चढ़ाई, पथरीले रास्ते और दुर्गम पहाड़ी मार्ग भी भक्तों की आस्था को डिगा नहीं सके। माता रानी के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्तिभाव से प्रतिमा को पहाड़ पर पहुंचाया तथा विधिवत विराजमान कर नौ दिवसीय आराधना का शुभारंभ किया। इस ऐतिहासिक पहल में नवयुवाओं के समर्पण के साथ समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों का अपूर्व सहयोग रहा, जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है। जिस तरह भक्तों ने कंधों पर मचान बनाकर दुर्गम पहाड़ी पर पहुंचाई प्रतिमा के दौरान संपूर्ण सतपुड़ा की पर्वत श्रृंखला माताराणी के जयकारों से गूंजने से नही चूक पा रही थी। माँ जगत जननी की स्थापना का शुभारंभ होने से अब यहां पर जहां हर साल आराधना की ज्योति संपूर्ण क्षेत्र के लोगों के लिये आस्था का केन्द्र बनने से नही चूकेगी। वही पहली बार स्थापित की गई माँ अम्बे की प्रतिमा के चलते नौ दिनों तक भजन-कीर्तन, देवी जस और आराधना से भक्तिमय रहेगा यहां का महौल।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए रायपुर स्कूल में आयोजित की गई जागरूकता संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज/चीचली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत बीते हुये दिवस क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रायपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यशाला में भाग संख्या 196 रायपुर बीएलओ राकेश कुमार पटेल तथा भाग संख्या 197 रायपुर बलराम प्रजापति, सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा एवं चांदनखेड़ा बीएलओ नीलेश कुमार प्रधान ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दीमे बीएलओ द्वारा 18 ग्रामों से इस संस्था में अध्ययन करने आने वाले विद्यालय के 454 विद्यार्थियों को प्रारूप-6, 7, 8 के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में अत्यंत सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। वही प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान पात्र विद्यार्थियों का डाटा संग्रहण कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस दौरान प्राचार्य गजेन्द्र सिंह कौरव ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने गांव में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करते हुये उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के इस पुनीत कार्य में विद्यालय स्तर से इस संस्था में आने वाले समस्त ग्रामों के 18 वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों के नाम जुड़वाने हेतु समस्त बी एल ओ का यथायोग्य निरंतर सहयोग प्रदान किया जाएगा।

खबर संक्षेप

मिशन क्लीन-2026 के लिए होटल सूर्या में हुआ स्वच्छता का शंखनाद

शहडोल। शहरों को चमकाने और स्वच्छता सर्वेक्षण में बाजी मारने के लिए संभागीय स्तर पर बड़ी रणनीति तैयार की गई है। होटल सूर्या इंटरनेशनल में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के तत्वावधान में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुई इस हाई-टेक ट्रेनिंग में संभाग के सभी 22 नगरीय निकायों से आए 47 मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और नोडल अफसरों ने हिस्सा लिया और शहरों को जीरो वेस्ट बनाने का संकल्प दोहराया।

कार्यशाला का मुख्य मकसद आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2026-27 में शहडोल संभाग का झंडा बुलंद करना रहा। प्रशिक्षण देने पहुंचे फीडबैक फाउंडेशन के विशेषज्ञों—श्री प्रदीप श्रीवास्तव एवं श्री आशीष बिस्वास ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की बारीकियों को समझाया। विशेषज्ञों ने डोर-टू-डोर गारबेज कलेक्शन, गीले व सूखे कचरे का शत-प्रतिशत पृथक्कीकरण, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटरों के प्रभावी संचालन और लिगेसी वेस्ट (पुराने कचरे के पहाड़) को निपटाने के प्रैक्टिकल टिप्स दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक जनता जागरूक होकर कचरा अलग-अलग नहीं देगी, तब तक कोई भी शहर नंबर-1 नहीं बन सकता।वर्कशॉप में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के नए गाइडलाइंस की जानकारी दी गई। इस ट्रेनिंग का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी किया गया, ताकि निचले स्तर के तकनीकी कर्मचारी भी इसका लाभ उठा सकें। सत्र के अंत में अधिकारियों का टेस्ट लेने के लिए एक क्विज (प्रश्नोत्तरी) का आयोजन किया गया, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र बांटे गए।कार्यक्रम के अंत में फीडबैक फाउंडेशन के श्री संदीप सोनी ने सभी का आभार जताया। इस दौरान शहडोल पीआईयू से सुश्री पल्लवी सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला के बाद अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने और शहरों को कचरा-मुक्त व सुंदर बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

अभाविप ने फूंका नारी शक्ति का बिगुल

शहडोल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शहडोल नगर में एक भव्य एवं विशाल विराटेश्वरी चेतना युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया। छात्र हित और राष्ट्र हित के संकल्पों को दोहराते हुए आयोजित इस सम्मेलन में सैकड़ों छात्राओं और मातृशक्ति की मौजूदगी ने वीरांगनाओं के अदम्य साहस और चेतना का अहसास कराया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, साइबर क्राइम और संघ के पंच परिवर्तन जैसे ज्वलंत विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

समारोह में मुख्य रूप से महिला समन्वय की प्रांत संयोजिका मेघा पवार, एसडीएम अमृता गर्ग, जिला बौद्धिक प्रमुख डॉ. अर्चना जायसवाल, सरस्वती शिशु मंदिर की अध्यक्ष भारती गुप्ता, प्रांत छात्रा प्रमुख आंचल मिश्रा, विभाग छात्रा प्रमुख अंजली पांडेय एवं जिला छात्रा प्रमुख निधि पांडेय विशेष रूप से मंचासीन रहीं

भुरखाटोला में जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे बच्चे

18 विद्यार्थियों पर दो शिक्षक, फिर भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव







हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।

जिले के जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झरना घुघरी के वन ग्राम भुरखाटोला स्थित नवीन प्राथमिक शाला की बदहाली ने शिक्षा व्यवस्था और विभागीय निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विद्यालय भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। कक्ष की छत का प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ गया है और लोहे की सरिया बाहर निकल आई है। खिड़की-दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हैं। ऐसे में नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है।विद्यालय की छत और दीवारों की मौजूदा स्थिति किसी बड़े हादसे की आशंका को नजरअंदाज नहीं करने देती। इसके बावजूद बच्चों की पढ़ाई इसी भवन में संचालित हो रही है। सवाल यह है कि जब भवन की हालत इतनी खराब है, तो जिम्मेदार विभाग बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अब तक ठोस कदम क्यों नहीं उठा पाया?

जानकारी के अनुसार, नवीन प्राथमिक शाला भुरखाटोला की स्थापना वर्ष 2004 में हुई थी। इसके बाद सर्व शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2006-07 में 2.90 लाख रुपये की लागत से पालक-शिक्षक संघ के माध्यम से भवन का निर्माण कराया गया था। समय के साथ भवन की हालत बिगड़ती गई और आज यह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है।भवन की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इसकी तकनीकी जांच कराकर आवश्यक मरम्मत अथवा नए भवन की व्यवस्था किए जाने की जरूरत है, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिल सके।विद्यालय में वर्तमान में कुल 18 विद्यार्थी दर्ज हैं। यहां तेजसिंह मरावी और कुंवारियां मरावी दो शिक्षक पदस्थ हैं। हालांकि, बुनियादी सुविधाओं के अभाव और जर्जर भवन के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।शिक्षकों के अनुसार, विद्यालय भवन की खराब स्थिति से विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। क्षतिग्रस्त छत के नीचे बच्चों को बैठाकर पढ़ाना शिक्षकों के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करना आवश्यक है।

मेन्यू के नाम पर सिर्फ दाल-चावल, लकड़ी के चूल्हे पर बन रहा भोजन

विद्यालय में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। शासन के नियमानुसार विद्यार्थियों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन दिया जाना चाहिए, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि यहां बच्चों को अधिकांशतः सिर्फ दाल-चावल ही परोसा जाता है। इससे मध्यान्ह भोजन योजना के निर्धारित प्रावधानों के पालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विद्यालय में भोजन आज भी लकड़ी के चूल्हे पर बनाया जा रहा है, जबकि उनके अनुसार गैस कनेक्शन और गैस से भोजन तैयार करने के लिए शासन स्तर पर व्यवस्था किए जाने का प्रावधान है।यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं, तो संबंधित विभाग को मध्यान्ह भोजन के मेन्यू, भोजन की गुणवत्ता और रसोई व्यवस्था की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, नियमित निरीक्षण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बच्चों को शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार भोजन मिले।

भुरखाटोला में समस्याएं केवल विद्यालय तक सीमित नहीं हैं। ग्रामीण आज भी पेयजल और पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन समस्याओं के समाधान के लिए वे कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें ठोस राहत नहीं मिल पाई है।ग्रामीणों के अनुसार, अपनी मांगों को लेकर वे चुनाव बहिष्कार, सड़क जाम और धरना-प्रदर्शन जैसे कदम भी उठा चुके हैं। इसके बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। पेयजल और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव गांव के दैनिक जीवन के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा को भी प्रभावित कर रहा है।एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर भुरखाटोला की प्राथमिक शाला में बच्चे जर्जर भवन के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं। छत से बाहर निकली सरिया और उखड़ता प्लास्टर विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करते हैं।ऐसे में जरूरी है कि संबंधित विभाग विद्यालय भवन का तत्काल निरीक्षण कराए और सुरक्षा की स्थिति स्पष्ट होने तक बच्चों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करे। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन की शिकायतों की जांच और गांव में पेयजल व सड़क की समस्याओं का निराकरण भी प्राथमिकता से किया जाना चाहिए।

जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव में चार विकास कार्यों का लोकार्पण

डिंडौरी। जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल, बरगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख ए. सेंथिल कुमार के मुख्य आतिथ्य में सेवा एवं विकास कार्यों पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिसर में विकसित चार सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, स्वावलंबन और ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।कार्यक्रम में नर्मदांचल विद्यालय के खेल मैदान एवं झूलों, सिलगी घाट की सीढ़ियों पर निर्मित शेड, गौशाला शेड तथा परिसर की एलटी विद्युत लाइन का लोकार्पण किया गया। इन सुविधाओं से विद्यार्थियों, घाट पर आने वाले लोगों और संस्था की विभिन्न गतिविधियों को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही, गौशाला में गोवंश की देखभाल और परिसर में विद्युत व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।



जनजातीय विकास और सेवा कार्यों पर चर्चा

कार्यक्रम में आरएसएस के मध्य क्षेत्र के क्षेत्र सेवा प्रमुख ओम प्रकाश सिसोदिया, सहप्रांत सेवा प्रमुख सतीश पाटीदार तथा सेवा भारती महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री आत्माराम दीक्षित उपस्थित रहे।इसके अलावा विंध्य विकास प्राधिकरण रीवा के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष डिंडौरी रुद्रेश परस्ते, जनपद पंचायत अध्यक्ष शहपुरा प्रियंका आर्मो तथा भारतीय शिक्षा मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. भरत शरण सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू, सचिव एस.के. बाजपेयी, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर ए.पी. सिंह, श्रीकृष्ण बिलैया, आर.एस. गुरुदेव, शिशिर बिसेन, श्याम बनलवाले, एस.बी. अग्रवाल, शैलेष मिश्रा, विक्रम सिंह, डॉ. मुकेश तिवारी, राजेश जैन, सतीश चौबे, जाम सिंह, चंद्रशेखर पटेल और धरम सिंह सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस अवसर पर नर्मदांचल विद्यापीठ की प्राचार्य सुरभी पांडे, आभा गोल्हानी, प्रकाश झारिया, उमेश रजक, डॉ. श्वेता जैन, रवि सिंह, अश्विनी साहू एवं चंद्रभान साहू सहित अन्य लोगों की भी सहभागिता रही।कार्यक्रम के दौरान संस्था के विभिन्न सेवा प्रकल्पों की गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, संस्कार आधारित गतिविधियों, स्वावलंबन को प्रोत्साहन और ग्रामीण विकास के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया।जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल द्वारा संचालित सेवा गतिविधियों का उद्देश्य जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार करना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के अवसर पहुंचाना है। कार्यक्रम में सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने तथा जनभागीदारी के माध्यम से सामाजिक विकास को गति देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

फसल विविधीकरण और सतत कृषि में उत्कृष्ट कार्य के लिए डिंडौरी को राष्ट्रीय सम्मान



डिंडौरी। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) के अंतर्गत फसल विविधीकरण एवं सतत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य और नवाचारों के लिए डिंडौरी जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली स्थित पूसा भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा जिले को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।समारोह में डिंडौरी कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंजू पवन भदौरिया के साथ अमरपुर विकासखंड के ग्राम अलोनी की महिला कृषक एवं कृषि सखी कमला यादव भी उपस्थित रहीं। उनकी सहभागिता ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और ग्रामीण स्तर पर अपनाए जा रहे कृषि नवाचारों को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाई।प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत किसानों को पारंपरिक खेती के साथ विभिन्न फसलों को अपनाने तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना, जल संसाधनों का संरक्षण करना, खेती की लागत कम करना और किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाओं को मजबूत करना है।फसल विविधीकरण के अंतर्गत दलहन, तिलहन, मोटे अनाज और बागवानी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं, सतत कृषि पद्धतियों में फसल चक्र, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य संवर्धन तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती जैसी तकनीकों पर जोर दिया जा रहा है। आदिवासी बहुल डिंडौरी जिले में स्थानीय जलवायु और मृदा के अनुकूल कोदो-कुटकी सहित मोटे अनाज तथा अन्य उपयुक्त फसलों की खेती को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। फसल विविधीकरण से किसानों की एक ही फसल पर निर्भरता कम करने और कृषि जोखिम घटाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने की दिशा में भी यह महत्वपूर्ण पहल है।डिंडौरी जिले को मिला यह सम्मान कृषि क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों, किसानों की सहभागिता, कृषि सखियों की भूमिका तथा जिला प्रशासन और कृषि विभाग के समन्वय को मिली महत्वपूर्ण पहचान के रूप में देखा जा रहा है। यह उपलब्धि जिले के किसानों को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

महिला सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन, पुतला दहन



डिंडौरी।भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला डिंडौरी ने सोमवार को जिलाध्यक्ष कीर्ति गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, अस्मिता और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुतला दहन कर महिलाओं से संबंधित मामलों में निष्पक्ष जांच और न्याय सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।महिला मोर्चा का यह प्रदर्शन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर एवं कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम के विरुद्ध छात्राओं द्वारा लगाए गए कथित यौन उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के आरोपों के संबंध में आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मामले को गंभीर बताते हुए महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया।इस अवसर पर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार का दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। ऐसे मामलों में तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो।

एकलव्य विद्यालय में यातायात, साइबर अपराध और नशामुक्ति के प्रति किया जागरूक



डिण्डौरी। पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन में एकलव्य आवासीय विद्यालय डिण्डौरी में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 200 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, नशामुक्ति और कैरियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात सुभाष उइके ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके पालन के लिए प्रेरित किया। प्रधान आरक्षक मुकेश प्रधान ने साइबर अपराध और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में बताया। वहीं, उप निरीक्षक गंगोत्री तुरकर ने महिला सुरक्षा तथा गुड टच-बैड टच जैसे संवेदनशील विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया।एसडीओपी सतीश द्विवेदी ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इससे दूर रहने की समझाइश दी। उन्होंने साइबर वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपायों और संबंधित हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया।

पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने विद्यार्थियों को कैरियर निर्माण के लिए अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। उन्होंने अनुशासन, समय प्रबंधन और नियमित अध्ययन को सफलता का आधार बताते हुए योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस सेवा, कैरियर विकल्पों और साइबर सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे। पुलिस अधिकारियों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश सिंह तोमर, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पुलिस विभाग ने विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन करने, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने तथा नशे से दूर रहकर अपने भविष्य के निर्माण पर ध्यान देने की अपील की।

अघोषित कटौती से ग्रामीण परेशान

शहपुरा के गांवों में बिजली संकट, 24 घंटे में महज 6 से 8 घंटे आपूर्ति का आरोप

शहपुरा। शहपुरा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बिजली की अनियमित आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांवों में 24 घंटे के दौरान मुश्किल से 6 से 8 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। रात में भोजन के समय बिजली गुल हो जाती है, तो दिन में पानी भरने और घरेलू कामकाज के दौरान कटौती परेशानी बढ़ा देती है। लगातार हो रही अघोषित कटौती से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों के मुताबिक, बिजली कटौती अब रोजमर्रा की समस्या बन गई है। कई बार रात में घंटों बिजली बंद रहने से लोगों की नींद प्रभावित होती है। गर्मी और उमस के बीच रात गुजारना मुश्किल हो जाता है। वहीं, पानी की मोटर चलाने सहित बिजली पर निर्भर घरेलू कार्य भी समय पर नहीं हो पाते। छोटे कारोबारियों और विद्यार्थियों को भी अनियमित आपूर्ति का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि बिजली बिल की वसूली के लिए विभाग तत्पर रहता है और उपभोक्ताओं को भुगतान संबंधी संदेश भी मिलते हैं, लेकिन नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के मामले में स्थिति संतोषजनक नहीं है। उनका सवाल है कि जब उपभोक्ता समय पर बिल जमा कर रहे हैं, तो उन्हें जरूरत के समय पर्याप्त बिजली क्यों नहीं मिल रही? उपभोक्ताओं का मानना है कि बिल वसूली के साथ निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना भी विभाग की जिम्मेदारी है।वर्तमान में शारदेय नवरात्रि के दौरान गांवों में दुर्गा पूजा, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। शाम और रात के समय बिजली गुल होने से आयोजनों की व्यवस्थाएं प्रभावित होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं होने से ग्रामीणों को यह अनुमान लगाना मुश्किल होता है कि बिजली कब आएगी और कब कट जाएगी। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करने, अघोषित कटौती के कारण स्पष्ट करने और अनावश्यक बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी नियमित और भरोसेमंद बिजली मिलनी चाहिए। समस्या का समय रहते समाधान नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन की स्थिति बन सकती है।हालांकि, बिजली कटौती के वास्तविक कारणों, संबंधित फीडरों की स्थिति और आपूर्ति संबंधी विभागीय व्यवस्था को लेकर अधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है। अब देखना होगा कि विभाग ग्रामीणों की शिकायतों की जांच कर आपूर्ति में सुधार के लिए क्या कदम उठाता है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब बिजली बिल समय पर वसूला जाता है, तो नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित क्यों नहीं की जा रही?



शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम आयोजित

अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' विषय पर भारत मंडल रंगोली एवं नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने 12 फीट की रंगोली के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विविधता, राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक सद्भाव को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना अपनाते हुए विकसित भारत 2047 के निर्माण में योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे अपने दैनिक जीवन में सेवा भाव अपनाएं और समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।



नशामुक्ति रैली से किया जागरूक

आयोजन के तहत निकाली गई नशामुक्ति रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने की अपील की।कार्यक्रम में संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, पारिवारिक खुशहाली और सामाजिक विकास को प्रभावित करता है। युवाओं को अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, कौशल विकास और रचनात्मक गतिविधियों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य आशीष कुमार मरावी, राम कुमार टेकाम, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. राकेश कुमार पटले, प्रदीप कुमार कहार एवं डॉ. निगहत खान सहित कर्मचारी समीर धुर्वे, ऋचा जंघेला, सुमनलता मरावी, कांति धुर्वे, कौशलेंद्र पाल, आरती मरावी, सूरजवती, खुशी व्याम एवं मंगलसिंह दुलारिया सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रहित, सामाजिक सेवा और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

गौ काष्ठ से निर्मित दीपों को प्रोत्साहित करें, उपलब्धता करें सुनिश्चितः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि आगामी दीपावली पर्व पर पर्यावरण संरक्षण और गौकाष्ठ से निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गौकाष्ठ से निर्मित दीपों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही इन दीपों की बाजार में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक पहल की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले जन संवाद शिविरों में प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के लिए निर्धारित राशि जमा कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

तत्परता से दिया जाए योजनाओं का लाभ

बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सीएम एवं सीएस मॉनिट, आयोग से प्राप्त पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में संबल 2.0 योजना, कृषि विभाग से संबंधित विषयों, लंबित पेंशन प्रकरणों, समग्र ई-केवायसी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा एक बगिया मां के नाम सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं, अभियानों और कार्यक्रमों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तत्परता से दिया जाए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजन

सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत 13 अक्टूबर को जिले में विभिन्न विभागों द्वारा जनहित से जुड़ी विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम नयागांव में पेयजल स्त्रोतों की सफाई तथा पानी की टंकियों के परिसर में पौधारोपण किया जाएगा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा ग्राम रातीकरारकला में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता संबंधी गतिविधियां, कचरा पृथक्करण एवं कम्पोस्टिंग के प्रति जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, नरसिंहपुर द्वारा बैंक के प्रधान कार्यालय में डिजिटल साक्षरता कैंप का आयोजन किया जाएगा। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा चीचली में विभागीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, नरसिंहपुर द्वारा चावरपाठा में बैंक के सहयोग से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।



किसानों को संतुलित उर्वरक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में आत्मा परियोजना की परियोजना संचालक श्रीमती नविता श्रीवास्तव ने सोमवार को ग्राम मगरधा, खैरी एवं जरजोला में यूरिया का अधिक उठाव करने वाले किसानों के खेतों एवं परिसरों का भ्रमण किया। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने तथा संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी गई। किसानों को मृदा की उर्वरता बनाए रखने और खेती में उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान बीटीएम अरुण परतेती एवं एटीएम श्रीमती रुचि शर्मा उपस्थित रहीं।


खबर संक्षेप

मां राजराजेश्वरी मैया का रंग बिरंगी चुनरियों से मनमोहन श्रृंगार



गोटेगांव। समीपवर्ती धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर स्थित श्री वानम की पहाड़ियों के बीचो-बीच बसा भव्य मंदिरजी में विराजमान अनंतकोटि ब्रह्मांड नायिका मां भगवती त्रिपुर सुंदरी राजराजेश्वरी माताजी का विभिन्न त्योहारों के शुभ अवसर पर प्रतिदिन अलग अलग रूप में श्रृंगार किया जाता है,इसी के चलते द्वितीय दिवस अति सुंदर मनभावक विभिन्न प्रकार की कलाकृति आधुनिक कलात्मक साजसज्जा से सुसज्जित आकर्षक मनमोहक विभिन्न प्रकार के रंग बिरंगी चुनरिया से मातारानी का मां ब्रह्मचारिणी मैया जी के स्वरूप में मनोहरी दिव्य दर्शन हेतु अलौकिक भव्य श्रृंगार किया गया मनमोहक अद्वितीय विशेष श्रृंगार को देखकर श्रद्धालुओं का मन दर्शन करते ही प्रफुल्लित हो उठने के उपरांत मैयाजी के दरबार में श्रद्धालुबंधुओं द्वाराविशेष पूजनअर्चन आरती वंदनकर प्रसाद वितरित करने के पश्चात ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराजश्री के समाधिस्थल पर जाकर दर्शन पूजन अर्चन कर धर्मलाभ उठाकर अपना मानव जीवन सफल बनाने का सौभाग्य प्राप्त कर रहे है

घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो के कांच तोड़े



गोटेगांव। नगर के कामथ वार्ड स्थित साहू मोहल्ले में घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी के कांच अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर मारकर तोड़ने का मामला सामने आया है। वाहन मालिक रितिक साहू पिता विनोद कुमार साहू ने थाना प्रभारी गोटेगांव को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार 10 अक्टूबर की रात करीब 11:23 बजे घर के सामने खड़ी स्कॉर्पियो को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ित का कहना है कि वार्ड में केवल उनके वाहन को निशाना बनाया गया, किसी अन्य वाहन को नुकसान नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने पुलिस से घटना की जांच कर दोषियों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

सहकारी समिति की भूमि पर अतिक्रमण के आरोप, निर्माण जारी



गोटेगांव। ग्राम पंचायत चांदनखेड़ा में सेवा सहकारी समिति की भूमि पर अतिक्रमण कर पक्की दुकानों का निर्माण किए जाने के आरोप सामने आए हैं। समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा बिना वैध दस्तावेज अथवा राजस्व अनुमति के भूमि पर निर्माण कराया जा रहा है, जिससे समिति के कामकाज में परेशानी हो रही है। शिकायत के अनुसार संबंधित लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी है। समिति एवं ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से भूमि की नाप-जोख और अभिलेखों का सत्यापन कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच में यदि अतिक्रमण की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

अवैध हथियार रखने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध रूप से अपने पास हथियार रखे हुए है जो संजय होटल, स्टेशनगंज के पास घूम रहा है। सूचना पर तत्काल थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्त में लिया गया। आरोपी राजकुमार सराठे पिता लेखराम सराठे उम्र 33 साल निवासी देवनगर नया, थाना मुंगवानी, जिला नरसिंहपुर के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस एवं एक एयरगन प्राप्त हुआ। थाना स्टेशनगंज में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

कुकिंग-बेकिंग प्रशिक्षण में इमरती लोधी ने बाजी मारी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शासकीय श्यामसुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय कुकिंग, बेकिंग एवं माइक्रोवेव कुकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का 10 अक्टूबर को समापन हुआ। उच्च शिक्षा विभाग की स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत 3 सितंबर से शुरू हुए इस प्रशिक्षण में छात्राओं को विभिन्न व्यंजन और बेकरी आइटम बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने फास्ट फूड, चाइनीज व्यंजन, सब्जियों की रेसिपी, डेजर्ट और आइसक्रीम बनाने के साथ खाद्य सामग्री की माप, मिश्रण, स्वच्छता और सुरक्षा संबंधी सावधानियां सीखीं। कार्यक्रम में प्राचार्य कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक गुरु महक कला केंद्र की संचालक रंजना नायक और प्रशासनिक अधिकारी डॉ. यतींद्र महोबे उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के बाद आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता में इमरती लोधी ने प्रथम, महक मेहरा ने द्वितीय और माहिरा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वंशिका वंशकार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेता छात्राओं सहित प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। प्राचार्य कृष्णा शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण से छात्राओं में कुकिंग और बेकिंग के प्रति रुचि व आत्मविश्वास बढ़ेगा। साथ ही वे घर से छोटे स्तर पर खाद्य व्यवसाय शुरू करने की संभावनाओं को भी समझ सकेंगी। कार्यक्रम का संचालन अंशुल खरे और बिंदुवाला जैन ने किया।

विद्यार्थियों को वितरित किए स्कूली बैग



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय एकीकृत नवीन माध्यमिक शाला लोकीपार में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रयास शिक्षण एवं सामाजिक संगठन के विक्रांत सिंह, विक्रमादित्य सिंह पटेल, शैलेन्द्र शर्मा, केदार पटेल, मिलन शर्मा, विक्रम शर्मा, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती सपना चैधरी, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद थे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की मुख्यमंत्री कन्या विवाहध्निकाह योजना के अंतर्गत वर्ष 2026- 27 का सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 नवंबर 2026 को कृषि उपज मंडी, तेन्दूखेड़ा में आयोजित किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार एक जिले में एक तिथि पर अधिकतम 200 जोड़ों को ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित किया जा सकेगा। इस संबंध में पोर्टल पर दर्ज प्रथम 200 पात्र आवेदनों को ही कार्यक्रम के लिए मान्य किया जाएगा। इच्छुक हितग्राही एक अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2026 तक उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रथम पात्र 200 आवेदनों को ही सम्मेलन में सम्मिलित किया जाएगा।

50 बिस्तर के अस्पताल सहित तीन मांगो को लेकर लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश कुमार काकोड़िया ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के विकास को लेकर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर तीन मांगें रखी हैं। इनमें गोरखपुर को जनजातीय विकासखंड घोषित करने, आदिवासी समाज के लिए विधानसभा सीट आरक्षित करने और गोरखपुर में 50 बिस्तर का अस्पताल खोलने की मांग शामिल है। पत्र में कहा गया है कि गोरखपुर और आसपास का क्षेत्र आदिवासी बहुल है। इसे जनजातीय विकासखंड का दर्जा मिलने से क्षेत्र में विकास कार्यों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिल सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आगामी परिसीमन में नरसिंहपुर जिले में अनुसूचित जनजाति के लिए विधानसभा सीट आरक्षित करने की मांग भी उठाई है।

समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जारी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए जिले में 18 हजार 859 किसानों ने 37 हजार 474.01 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराया है। यह पंजीयन 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक किया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष 16 हजार 414 किसानों ने 36 हजार 361.07 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराया था। इस वर्ष किसानों की संख्या में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गाडरवारा के चीचली निवासी अनसुइया बाई ठाकुर (35), पिता अमर सिंह ठाकुर की सड़क हादसे में घायल होने के बाद मौत हो गई। वह सुखाखेरी के पास हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई थीं। बेहतर उपचार के लिए उन्हें जबलपुर ले जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन इससे पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। परिजन उन्हें निजी एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सर्पदंश से ग्रामीण की तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस ठेमी थाना क्षेत्र के ग्राम मलाह पिपरिया निवासी महेश पटेल उम्र 30 वर्ष, पिता इंदर पटेल को सर्पदंश के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार घटना घर पर हुई। महेश को सुरेंद्र पटेल अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले को जांच में लिया गया है।

ग्रामीण ने किया कीटनाशक का सेवन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस ठेमी थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी निवासी रविशंकर लोधी उम्र 55 वर्ष, पिता धनीराम लोधी को कीटनाशक के सेवन के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार, फूलसिंह लोधी उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले को जांच में लिया गया है।

झूठा फसाने का आरोपी एस पी से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। थाना क्षेत्र स्टेशनगंज के मुरलीपौड़ी गांव निवासी कोमल सिंह लोधी ने पड़ोसी बसंत झारिया पर झूठी शिकायत कर अपने बेटे राहुल लोधी को फंसाने का आरोप लगाया है। सोमवार को उन्होंने एसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। कोमल सिंह के मुताबिक, उनका बेटा राहुल मजदूरी करता है। पड़ोसी बसंत झारिया से पुराने विवाद के चलते उन्होंने राहुल के खिलाफ शिकायत की। इसके बाद स्टेशनगंज पुलिस ने राहुल पर धारा 170 के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। कोमल सिंह का आरोप है कि बसंत झारिया पहले भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। उनका कहना है कि शिकायत के बाद रुपये लेकर समझौता करने का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने एसपी से मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

चावरा विद्यापीठ बना ओवरऑल चैंपियन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर ने चावरा कप 2026 में ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। भोपाल के सेंट पॉल को-एड स्कूल में आयोजित अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलों में प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के संयोजक फादर वर्गीज रहे। विद्यालय की कार्यक्रम समन्वयक ऋचा कनौजिया, आयुष शर्मा और पवन चैधरी ने विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में भूमिका निभाई। उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

सार्वजनिक उदघोषण

रा.मा.क्र. 0179/ब-212 (1) सन 2026-27

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल शीट क्रमांक 01 नगरीय क्षेत्र का नाम कंदेली, प्लाट क्र. 1/2 रकवा 5550 वर्गफुट, प्लाट क्र. 2/22 रकवा 25550 वर्गफुट विद्यमान अभिलेख में धारक/ धारकों के नाम/ पिता/ माता का नाम तथा पूर्ण नाम पता- नरसिंह विद्यापीठ नरसिंहपुर सचिव धर्मेन्द्र ममार उस व्यक्ति/ व्यक्तियों का नाम / पिता/ माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष मे प्रकरण विचाराधीन है -नरसिंह विद्यापीठ नरसिंहपुर सचिव धर्मेन्द्र ममार उक्त अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टे के नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/11/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो या वैद्य प्रतिनिधी के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तेहार आज दिनांक 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

सार्वजनिक उदघोषण

रा.मा.क्र. 245 अ -20 (1) सन 2026-27

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल शीट क्रमांक 08 नगरीय क्षेत्र का नाम कंदेली, प्लाट क्र. 10/27 रकवा 1071 वर्गफुट विद्यमान अभिलेख में धारक/ धारकों के नाम/ पिता/ माता का नाम तथा पूर्ण नाम पता- श्रीमती यशोदा बाई बेवा उमाकांत विश्वकर्मा सा. कंदेली उस व्यक्ति/ व्यक्तियों का नाम / पिता/ माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष मे प्रकरण विचाराधीन है - श्रीमती यशोदा बाई बेवा उमाकांत विश्वकर्मा सा. कंदेली उक्त अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टे के नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 23/10/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो या वैद्य प्रतिनिधी के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तेहार आज दिनांक 17/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर